**कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेड़ता (राज.)**

क्रमांक.....09....स्था. दिनांक..17....अगस्त, 2023

—: **परिपत्र** :—

मेड़ता मुख्यालय पर पदस्थापित सभी न्यायिक अधिकारीगण को निर्देश दिए जाते है कि उनके अवकाश पर रहने पर अवकाश अवधि के दौरान उनके कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक को जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता में वरिष्ठ मुसंरिम के समक्ष अपनी उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करें। यदि पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर जाने से पहले उनके कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक द्वारा उसी अवधि का अवकाश प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उक्त अवकाश प्रार्थना पत्र की स्वीकृति/अस्वीकृति का आदेश संबंधित पीठासीन अधिकारी ही जारी कर उसकी प्रति इस कार्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करें।

मेड़ता मुख्यालय के अतिरिक्त शेष मुख्यालयों पर स्थित पीठासीन अधिकारियों के अवकाश पर जाने की स्थिति में उनके कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक उसी मुख्यालय पर स्थित वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति देगें तथा उनके निर्देशानुसार कार्य करेगें। यदि पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर जाने से पहले उनके कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक द्वारा उसी अवधि का अवकाश प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उक्त अवकाश प्रार्थना पत्र की स्वीकृति/अस्वीकृति का आदेश संबंधित पीठासीन अधिकारी ही जारी कर उसकी प्रति उसी मुख्यालय के वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी को प्रेषित करेगें।

संबंधित पीठासीन अधिकारीगण उनके अधीनस्थ पदस्थापित आशुलिपिक को उनको प्राप्त निर्देशानुसार उक्त अवधि में ड्युटी देने हेतु पाबन्द करेंगें ।

**उपर्युक्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जावे।**

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
मेड़ता । 17/08/2023

क्रमांक...3389 to 3395...स्था. दिनांक..17...अगस्त, 2023

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

01. न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता.
02. विशिष्ट न्यायाधीश, पोक्सो न्यायालय नं.01, नं.02 मेड़ता/नागौर.
03. समस्त अधीनस्थ न्यायालय, मेड़ता न्यायक्षेत्र
04. कार्यकारी कम निजी सहायक, जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता.
05. व.रीडर/सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, मेड़ता.
06. रक्षित पत्रावली.

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
मेड़ता । 17/08/2023